मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-24
09/01/2020

मुख्यमंत्री ने भागलपुर में जल–जीवन–हरियाली से संबंधित प्रमण्डलस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 09 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में भागलपुर समाहरणालय सभाकक्ष में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित भागलपुर और बांका जिले की संयुक्त प्रमण्डलस्तरीय समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सार्वजनिक कुंओं, चापाकल, आहर, पईन के जीर्णोद्धार, नलकूपों, कुओं एवं चापाकल के किनारे सोख्ता निर्माण, जल संरक्षण संरचना, छोटी–छोटी नदियों, नालों, पहाड़ी क्षेत्रों में चेक डैम एवं जल संचयन की अन्य संरचनाओं का निर्माण, नए जल स्रोतों का सृजन, सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन, पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री को सौर ऊर्जा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत, हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली नालियाँ, राज्य में बची सभी संपर्क विहीन बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ना, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, ऊर्जा विभाग के अंतर्गत जर्जर तारों का बदलाव, पावर सब स्टेशन के निर्माण से संबंधित जानकारी भी दी गई। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं शिकायतों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में बाकी विषयों पर चर्चा तो हुई ही, जन प्रतिनिधियों ने भी जनसमस्याओं से संबंधित अपने पत्र सौंपे। उस पर जवाब भी दिया गया और जो भी संभव होगा उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज की बैठक का विशेष महत्व इसलिए है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जल–जीवन–हरियाली अभियान के संबंध में चर्चा की जा रही है। लोगों को जागृत करने के लिए सम्मेलन भी किया जा रहा है। हमलोगों का मूल उद्देश्य है कि लोग पर्यावरण के प्रति जागरुक और सचेत हों। आप सब भी लोगों को जागृत करें और उन्हें प्रेरित करें। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत तीन वर्षों में 24 हजार 524 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस कार्य योजना को मिशन मोड में चलाया जा रहा है। आप सबसे आग्रह है कि 19 जनवरी को जल–जीवन–हरियाली अभियान के प्रति एकजुटता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करने के लिए आप सब इसमें शामिल हों।

समीक्षा बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित समाहरणालय सभागार भागलपुर का फीता काटकर उद्घाटन किया।

बैठक में भवन निर्माण मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामनारायण मंडल, समाज कल्याण मंत्री श्री रामसेवक सिंह, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, संबंधित विभागों के एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, भागलपुर प्रमंडल की आयुक्त श्रीमती वंदना किनी,

योजना एवं विकास विभाग के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित भागलपुर और बांका जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******